ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

अभ्यास पत्र । (2026-27)

विषय-हिंदी

समय- 3 घंटे	कक्षा – 10	अधिकतम अंक-80

सामान्य निर्देश :

(1) इस प्रश्नपत्र में चार खंड हैं- खंड 'क', 'ख', 'ग' और 'घ'। प्रश्नपत्र में कुल पृष्ठों की संख्या 9 है।

(2) खंड 'क' में कुल दो अपठित गद्यांशों पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक (अतिलघु और लघूत्तरात्मक) प्रश्न दिए गए हैं तथा खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण पर आधारित चार प्रश्न (अतिलघु और लघूत्तरात्मक) पूछे गए हैं। सभी प्रश्नों में दिए उपप्रश्नों को ध्यान से पढ़ें।

(3) खंड 'ग' में कुल 5 प्रश्न पूछे गए हैं, जिनमें दो प्रश्न बहुविकल्पी एवं बाकी वर्णनात्मक हैं। खंड 'घ' में रचनात्मक लेखन पर आधारित कुल 5 प्रश्न पूछे गए हैं, प्रश्नों में आंतरिक विकल्प दिए गए हैं। दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए प्रश्नों के उत्तर दें।

(4) कार्य में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखें और सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

खंड - क (बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्न)

अपठित बोध

1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1+1+1+2+2=7**

आज का युग कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल जैसी अत्याधुनिक सुविधाओं से समृद्ध है। इंटरनेट के प्रयोग ने इसे और अधिक प्रभावी बना दिया है। आज इंटरनेट ने एक पूरी आभासी दुनिया हमारे सामने खड़ी कर दी है। एक बड़ी दुनिया सिमटकर ग्लोबल विलेज यानी वैश्विक गाँव बन गई है। लेकिन हमें यहाँ यह ध्यान रखना है कि यह आभासी दुनिया वास्तविक नहीं है, यह अपने आस-पास की पारिवारिक व सामाजिक रिश्तों से खिलखिलाती दुनिया की तरह प्यार और भरोसे से भरी-भरी नहीं है। आज एक छोटे-से स्मार्ट फ़ोन में सबकुछ समा गया है। इससे जीवन को बहुत सारी सहूलियतें मिल गई हैं, किंतु यह भी एक कटु सत्य है कि इसकी आभासी दुनिया ने हमसे अपने व परिवार के लिए जो स्नेह तथा विश्वास को पोषित करने वाले पल थे, वे छीन लिए हैं। हम घर में होकर भी कई बार घर में नहीं होते, बल्कि इसकी आभासी दुनिया में खोए रहते हैं। आज हम ज़रा-सी देर के लिए भी अपने मोबाइल फ़ोन से अलग नहीं रह सकते। थोड़ी-थोड़ी देर में व्हाट्सएप चैक करने जैसी आदतें सिद्ध करती हैं कि हम पूरी तरह इसके आदी हो चुके हैं। इसकी अति को देखते हुए कुछ कंपनियों, फ़ैक्ट्रियों आदि ने कार्य के समय स्मार्ट फ़ोन रखने पर पूरी तरह रोक लगा दी है। इसकी लत के कारण आज अपनों की ज़रूरतों व उनके उल्लास की जगह लंबी फ्रैंड लिस्ट तथा हमारी पोस्ट पर आने वाले कमेंट्स आज हमारे लिए बेहद ज़रूरी हो गए हैं। आज ज़रूरत है कि हम इसकी लत से छुटकारा पाएँ और इसका प्रयोग केवल उतना ही करें, जितना हमारे लिए ज़रूरी है। और हाँ, यदि सप्ताह में एक

बार डिजिटल उपवास रखकर वह समय ख़ुद को और परिवार को दें, तो पारिवारिक जीवन और सिकुड़ते जा रहे स्नेहिल संबंध सुरभित अवश्य होंगे और ऐसा होना इस आभासी दुनिया वाले युग में किसी वरदान से कम न होगा।

(1) इंटरनेट ने कैसी दुनिया हमारे सामने खड़ी कर दी है?

(i) आभासी दुनिया

(ii) वास्तविक दुनिया

(iii) आभासी व वास्तविक दोनों की मिश्रित दुनिया

(iv) प्यार और भरोसे की दोस्तों से भरी एक प्यारी दुनिया

(2) आभासी दुनिया ने हमसे क्या छीन लिए हैं?

(i) तनाव, अवसाद व घुटन से भरे पल

(ii) परिवार में स्नेह तथा विश्वास को पोषित करने वाले पल

(iii) ख़ाली रहने से परिवार में होने वाली कहा-सुनी के कलह भरे पल

(iv) ख़ाली समय में खुद से बातें करके अपने मन को सुकून देने वाले पल

(3) सोशल मीडिया वाले इस युग में क्या करने से हमारा पारिवारिक जीवन सुखमय होगा?

(i) स्मार्ट मोबाइल फ़ोन रखना छोड़ दें

(ii) खुद को पूरी तरह सोशल मीडिया से दूर कर लें

(iii) इसका प्रयोग केवल उतना ही करें, जितना हमारे लिए ज़रूरी है

(iv) घर के सारे सदस्य मोबाइल फ़ोन छोड़कर बस एक-दूसरे से बातें करें

वर्णनात्मक प्रश्न

(4) आभासी दुनिया वाले युग में किसे वरदान के समान बताया गया है?

(5) गद्यांश से आपने जो सीख ग्रहण की है, उसे अपने शब्दों में लिखिए।

2. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इस पर आधारित बहुविकल्पी एवं वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1+1+1+2+2=7**

बढ़ता तनाव या अवसाद आज के जीवन का कड़वा सच है। बच्चे हों या बूढ़े, महिलाएँ हों या युवा, हर व्यक्ति इसकी गिरफ़्त में है। इसके साथ ही तनाव के कारण उत्पन्न हो रहे मानसिक रोगों की भी बाढ़-सी आ रही है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी दौर से गुज़र रहे इस युग में यह स्वाभाविक भी है, लेकिन इसके लिए हमारी बिगड़ी जीवनशैली भी कम ज़िम्मेदार नहीं है। खान-पान की बिगड़ी आदतें, अस्त-व्यस्त दिनचर्या, अविवेकी आचरण-व्यवहार, नकारात्मक चिंतन-ये सब मिलकर व्यक्ति के तन-मन पर अपना घातक प्रभाव दिखा रहे हैं। खान-पान की बिगड़ी आदतें मनःस्थिति को प्रभावित करती हैं; इसीलिए 'जैसा खाएँ अन्न, वैसा रहे मन' कहावत चलन में रही है, क्योंकि अन्न के स्थूल हिस्से से हमारा शरीर बनता है, किंतु इसका सूक्ष्म अंश हमारे मन एवं आचार-विचार को भी गढ़ता है। ऐसे में तामसिक एवं राजसिक खानपान तत्काल ही तन-मन की जड़ता एवं

चंचलता का कारण बनते हैं तथा दीर्घ अंतराल में यही मन को अस्थिर कर अवसाद की ओर ले जाते हैं। अस्त-व्यस्त दिनचर्या जीवन को अशांत, असंतुलित एवं तनावग्रस्त करने के लिए काफ़ी है, जिसके मूल में होता है- जीवन लक्ष्य की अस्पष्टता एवं जीवंतता का अभाव, जिससे अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वाह सही ढंग से नहीं हो पाता। सही ढंग से कर्तव्य-पालन न हो पाना एक बड़ी त्रासदी है, जो मानसिक असंतोष एवं अशांति का कारण बनती है।अतः ऐसी नौबत न आए, इसके लिए व्यक्ति को अपने खान-पान को सही करते हुए अपनी जीवनचर्या को सही व संतुलित करना चाहिए।

(1) गद्यांश में बढ़ते तनाव व अवसाद को कहा गया है?

(i) पापों का फल
(ii) एक घातक महामारी
(iii) एक बिगड़ी जीवनशैली
(iv) आज के जीवन का कटु सत्य

(2) अन्न के सूक्ष्म अंश का संबंध किससे है?

(i) हमारे स्वास्थ्य से
(ii) अन्न की पौष्टिकता से
(iii) मन एवं आचार-विचार से
(iv) मानसिक असंतोष एवं अशांति से

(3) किनके कारण जीवन अशांत, असंतुलित एवं तनावग्रस्त हो जाता है?

(i) जीवंतता के अभाव के कारण
(ii) अस्त-व्यस्त दिनचर्या के कारण
(iii) जीवन-लक्ष्य की अस्पष्टता के कारण
(iv) कारोबार में बहुत अपेक्षित लाभ न होने के कारण

वर्णनात्मक प्रश्न

(4) अत्यधिक प्रतिस्पर्धा वाले इस युग में किस बात को स्वाभाविक बताया गया है? स्पष्ट कीजिए।

(5) व्यक्ति अपनी ज़िम्मेदारियों का निर्वाह सही ढंग से कब कर पाता है? सोचकर लिखिए।

खंड - ख (अतिलघु/ लघूत्तरात्मक प्रश्न)

व्यावहारिक व्याकरण

3. निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य-भेद' पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **1x4=4**

(1) सूर्योदय होता है और पक्षी चहचहाने लगते हैं। (मिश्र वाक्य में बदलिए)

(2) परिश्रम करो, ताकि अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हो सको। (वाक्य भेद बताइए)

(3) आपके आवाज़ उठाने पर सब आपके साथ खड़े हो जाएँगे। (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

(4) छोटे भाई ने टाइम टेबल बनाया, किंतु वह उसका पालन नहीं कर सका। (वाक्य भेद बताइए)

(5) किस वाक्य में दो समानाधिकरण उपवाक्य योजक शब्दों और, लेकिन, अतः आदि से जुड़े होते हैं? बताइए।

4. समास पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **4x1=4**

(1) 'विचारमग्न' समस्तपद का समास-विग्रह और समास-भेद लिखिए।

(2) 'आत्मरक्षा' समस्तपद का समास-विग्रह और समास-भेद लिखिए।

(3) 'लाभालाभ, चराचर, सत्यासत्य' किस समास के समस्तपद हैं?

(4) नवरस, चौराहा, दुअन्नी आदि किस समास के उदाहरण हैं?

(5) ऐसा कौन-सा समास है, जिसके दोनों पद प्रधान होते हैं?

5. पदबंध पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **4x1=4**

(1) रंगीन कागज़ से बनी तितलियाँ बिल्कुल सजीव लग रही हैं। रेखांकित अंश में पदबंध बताइए।

(2) गन्ने के रस से बनी खीर उत्तर भारतीय गाँवों में बड़े चाव से खाई जाती है। रेखांकित अंश में पदबंध बताइए।

(3) जरा-जरा-सी बात पर आग बबूला होने वाले आप आज इतने शांत कैसे हैं? रेखांकित अंश में पदबंध बताइए।

(4) 'पढ़ाई में दिन-रात एक कर देने वाले भाई साहब फ़ेल क्यों हो जाते थे, यह समझ से परे है।' वाक्य में प्रयुक्त विशेषण पदबंध छाँटकर लिखिए।

(5) वाक्य में प्रयुक्त किस पदसमूह को पदबंध माना जाता है? सोचकर बताइए।

6. मुहावरों पर आधारित निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- **4x1=4**

(1) 'ख़ुशी का ठिकाना न रहना' मुहावरे का उपयुक्त अर्थ लिखिए।

(2) 'फूटी आँखों न सुहाना' मुहावरे का अपने वाक्य में इस प्रकार प्रयोग कीजिए कि अर्थ स्पष्ट हो जाए।

(3) खेलकूद, मेले-तमाशे में भाग लेने के लिए बड़े भाई साहब का भी .....था। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए।

(4) मिलावट करने पर माँ ने दूधवाले को .....लिया। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए।

(5) खुद कमाने के बाद ही व्यक्ति को .....का पता चलता है। उपयुक्त मुहावरे से रिक्त स्थान भरिए।

खंड - ग (बहुविकल्पी, लघूत्तरीय एवं दीर्घोत्तरीय प्रश्न)
पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक

7. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए- **1x5=5**

बिरह भुवंगम तन बसै, मंत्र न लागै कोइ।

राम बियोगी ना जिवै, जिवै तो बौरा होइ।।

निंदक नेड़ा राखिये, आँगणि कुटी बँधाइ।

बिन साबण पाँणीं बिना, निरमल करै सुभाइ।।

हम घर जाल्यां आपणाँ, लिया मुराड़ा हाथि।
अब घर जालौं तास का, जे चलै हमारे साथि।।
पोथी पढ़ि-पढ़ि जग मुवा, पंडित भया न कोइ।
ऐकै अषिर पीव का, पढ़ै सु पंडित होइ॥

(1) 'बिरह भुवंगम तन बसै...' साखी के अनुसार विरह से ग्रस्त इनसान की दशा कैसी हो जाती है?
(i) उसे हर ओर अपने प्रिय की छवि दिखाई देती है।
(ii) उसका उपचार कुशल वैद्य की देखरेख में हो पाता है।
(iii) वह भरे घर में स्वयं को अकेला अनुभव करने लगता है।
(iv) उस पर किसी मंत्र या उपचार का असर नहीं हो पाता है।

(2) 'राम बियोगी न जिवै...' पंक्ति के अनुसार सच्चे राम भक्त की यह विशेषता होती है कि वह-
(i) हर समय राम का नाम जपता रहता है।
(ii) कण-कण में अपने प्रभु के दर्शन करता है।
(iii) वियोग में या तो जी नहीं पाता या पागल हो जाता है।
(iv) दीन-हीनों की सेवा को राम की सेवा मानने लगता है।

(3) 'निंदक नेड़ा राखिये...' साखी में कबीर की सलाह है कि-
(i) निंदक यदि मदद माँगे, तो मना कर दें।
(ii) हम सब एक-दूसरे का निंदक बन जाएँ।
(iii) निंदक के स्वभाव को सुधारने के लिए उसे निकट रखें।
(iv) स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए निंदक को निकट रखें।

(4) 'हम घर जाल्यां...' साखी में कबीर की अभिलाषा है-
(i) मन से अहंकार को निकालकर मीठी वाणी बोलें।
(ii) ज्ञानी बनने के लिए ईश्वरीय प्रेम के अक्षर को पढ़ लें।
(iii) प्रभु मन में बसा है, साधना करके उसके दर्शन कर सकें।
(iv) भक्ति की आग से मनों में बने बुराइयों के घरों को जला दें।

(5) 'पोथी पढ़ि-पढ़ि...' साखी के अनुसार पुस्तकें पढ़ने से व्यक्ति ज्ञानी इसलिए नहीं बन पाता क्योंकि-
(i) इनसे हर विषय का ज्ञान नहीं मिलता है।
(ii) पुस्तकीय ज्ञान मन के विकार दूर नहीं कर पाता।
(iii) पुस्तकों में पढ़ा ज्ञान वह समय के साथ भूल जाता है।
(iv) पुस्तकें पढ़कर उसे सभी पाठ समझ में नहीं आ पाते हैं।

8. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्पों का चयन कीजिए- **1x5=5**

वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे। हरदम किताब खोले बैठे रहते और शायद दिमाग को आराम देने के लिए कभी कॉपी पर, किताब के हाशियों पर चिड़ियों, कुत्तों, बिल्लियों की तस्वीरें बनाया करते थे। कभी-कभी एक ही नाम या शब्द या वाक्य दस-बीस बार लिख डालते। कभी एक शेर की बार-बार सुंदर अक्षरों में नक़ल करते। कभी ऐसी शब्द-रचना करते, जिसमें न कोई अर्थ होता, न कोई सामंजस्य। मसलन एक बार उनकी कॉपी पर मैंने यह इबारत देखी- स्पेशल, अमीना, भाइयों- भाइयों, दरअसल, भाई-भाई। राधेश्याम, श्रीयुत राधेश्याम, एक घंटे तक- इसके बाद एक आदमी का चेहरा बना हुआ था। मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूँ, लेकिन असफल रहा और उनसे पूछने का साहस न हुआ। वह नौवीं जमात में थे, मैं पाँचवीं में। उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए छोटी मुँह बड़ी बात थी।

(1) 'वह स्वभाव से बड़े अध्ययनशील थे।' इस वाक्य में 'वह' शब्द किसके लिए आया है?

(i) छोटे भाई के लिए
(ii) बड़े भाई साहब के लिए
(iii) बड़े भाई के किसी मित्र के लिए
(iv) ऑक्सफ़ोर्ड से पढ़कर आए हेडमास्टर जी के लिए

(2) बड़े भाई साहब की विशेषताओं से जुड़ा कथन नहीं है-

(i) वह स्वभाव से बहुत पढ़ाकू थे।
(ii) वे दिमागी आराम के लिए चित्रकारी करते थे।
(iii) वे थोड़ी देर के लिए मैदान में टहलने चले जाया करते थे।
(iv) एक ही नाम, शब्द या शेर को सुंदर अक्षरों में कई-कई बार लिखा करते थे।

(3) 'मसलन एक बार उनकी कॉपी पर मैंने यह इबारत देखी...।' रेखांकित शब्द का अर्थ होगा-

(i) उदाहरणार्थ
(ii) वास्तव में
(iii) ज्योंही/ जैसे ही
(iv) मसला यह है कि

(4) 'मैंने बहुत चेष्टा की कि इस पहेली का कोई अर्थ निकालूँ, लेकिन असफल रहा।' इस असफलता का मुख्य कारण था-

(i) पहेली का बहुत स्तरीय होना
(ii) पहेली के विषय का अल्पज्ञान होना
(iii) पहेली का नवीं कक्षा के पाठ्यक्रम से जुड़ा होना
(iv) बेमेल शब्दों के प्रयोग से पहेली/रचना का निरर्थक हो जाना

(5) उनकी रचनाओं को समझना मेरे लिए <u>छोटा मुँह बड़ी बात</u> थी। रेखांकित मुहावरे का अर्थ है-

(i) हैसियत/सामर्थ्य से बढ़कर बात करना

(ii) लक्ष्य पाने के लिए संसाधनों की कमी

(iii) पहाड़ चढ़ने के समान मुश्किल कार्य होना

(iv) अपने को सदैव दूसरों से कमतर आँकने की भूल करना

9. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर <u>25-30 शब्दों में</u> लिखिए- **2x3=6**

(i) बड़े भाई साहब मेले-तमाशे, खेलकूद आदि में चाहते हुए भी क्यों शामिल नहीं होते थे? 'बड़े भाई साहब' पाठ के आधार पर लिखिए।

(ii) बड़े भाई साहब ने किताबी ज्ञान और दुनियादारी की समझ में से किसे श्रेष्ठ माना है और क्यों?

(iii) सुभाष बाबू के जुलूस में महिलाओं की भूमिका स्पष्ट कीजिए।

(iv) कलकत्तावासियों ने अपने ऊपर लगे कलंक को धोने के लिए क्या किया?

10. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>तीन</u> प्रश्नों के उत्तर <u>25-30 शब्दों में</u> लिखिए- **2x3=6**

(i) कबीर ने संसार को कस्तूरी हिरन के समान क्यों बताया है? स्पष्ट कीजिए।

(ii) प्रभु भक्ति का दीपक दिखाई देने पर अँधियारा कैसे मिट जाता है? तर्क सहित बताइए।

(iii) पहले पद में मीरा ने द्रोपदी, प्रहलाद और गजराज आदि भक्तों का उदाहरण क्यों दिया है? विचार करके बताइए।

(iv) दूसरे पद में मीरा अपने प्रभु की दासी बनकर सबसे पहले बाग़ क्यों लगाना चाहती हैं?

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए- **2x3=6**

(i) सिद्ध कीजिए कि 'हरिहर काका' कहानी समाज में दिनोंदिन बढ़ती धन-लिप्सा के कारण सगे व सामाजिक संबंधों में आई गिरावट की कहानी है।

(ii) अगर आप हरिहर काका के मित्र होते, तो उन्हें इन विषम परिस्थितियों से निकालने के लिए क्या करते? उपयुक्त बिंदुओं द्वारा अपनी बात स्पष्ट कीजिए।

(iii) बच्चों को अनुशासन में रखने के लिए पीटी साहब क्या किया करते थे? आज के शिक्षक/ शिक्षिकाएँ अनुशासन में रखने के लिए क्या करते हैं? सोचिए और लिखिए।

प्र० 12 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में एक में एक अनुच्छेद लिखिए: 5

(क) मेरा प्रिय खेल – बैडमिंटन

संकेत-बिंदु: ● बैडमिंटन ही प्रिय क्यों, ● खेल-भावना, ● मेरी ताकत

(ख) बढ़ती नारी-शक्ति

संकेत-बिंदु: ● बदलता समय, ● नारी के मजबूत कदम, ● सभी क्षेत्रों में नारी की पहुँच

(ग) पृथ्वी बचेगी तभी यहाँ जीवन होगा

संकेत-बिंदु: ● प्रदूषण-रहित पृथ्वी, ● धरा बचाओ, ● जीवन चमकाओ

प्र० 13 (क) आप साक्षी/अजय हैं। आपके मोहल्ले के कूड़ेदान में गंदगी का ढेर लगा है और कई-कई दिन तक कूड़ा नहीं उठाया जा रहा है। इस संबंध में नगर-निगम अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक शिकायती पत्र लिखिए। 5

अथवा

(ख) आप निशा/निशीथ हैं। विद्यालय में दौड़ अभ्यास के लिए प्रशिक्षण की व्यवस्था हेतु लगभग 100 शब्दों में प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए। 5

प्र० 14 (क) ''अभी धूप चमक रही थी कि अचानक आकाश में काले बादलों का साम्राज्य छा गया और तभी तेज ओलों की बौछार ने सड़क पर धमा-चौकड़ी मचा दी...'' इस कथा को लगभग 100 शब्दों में आगे बढ़ाकर लिखिए। 5

अथवा

(ख) नगर-निगम के स्वास्थ्य अधिकारी को लगभग 100 शब्दों में एक ई-मेल लिखिए। जिसमें खाद्य पदार्थों में मिलावट पर अंकुश लगाने के लिए कड़े कदम उठाने का आग्रह किया गया हो। 5

प्र० 15 (क) स्कूल बैग बनाने वाली कंपनी विद्यार्थियों के लिए विशेष बैग बाजार में लाना चाहती है, उसके लिए आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। 3

अथवा

(ख) लाल बाग में पुष्प-प्रदर्शनी का आयोजन किया जा रहा है। उसके प्रचार के लिए एक आकर्षक विज्ञापन लगभग 40 शब्दों में तैयार कीजिए। 5

प्र० 16 (क) विद्यालय के सांस्कृतिक सचिव के रूप में आप 'अंतर्विद्यालयीय कहानी प्रतियोगिता' की जानकारी देते हुए छात्रों को इसमें भाग लेने के लिए प्रोत्साहन हेतु लगभग 60 शब्दों में एक सूचना तैयार कीजिए। 4

अथवा

(ख) छुट्टी के बाद स्कूल की बस से जाते हुए आपका एक बैग बस में ही छूट गया। बस का रूट नं० और अपने बैग का विवरण देते हुए विद्यालय के सूचना पट्ट पर लगाने के लिए एक सूचना लगभग 60 शब्दों में लिखिए। 4

ब्रेन इंटरनेशनल स्कूल

अभ्यास पत्र 2 (2026-27)

विषय-हिंदी

समय- 3 घंटे	कक्षा – 10	अधिकतम अंक-80

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं - क, ख, ग, और घ।
- खंड़ 'क' में अपठित गद्यांश से प्रश्न पूछे गए हैं, जिनके उत्तर दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए दीजिए।
- खंड 'ख' में व्यावहारिक व्याकरण से प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- खंड 'ग' में पाठ्यपुस्तक पर आधारित है, निर्देश अनुसार उत्तर दीजिए।
- खंड 'घ' रचनात्मक लेखन पर आधारित है, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।
- प्रश्न पत्र में कुल 15 प्रश्न हैं, सभी प्रश्न अनिवार्य है। यथासंभव सभी खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।

(खंड क)

1.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर उसके नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **(7)**

आज विश्व शांति की आवश्यकता बहुत अधिक तेज़ हो गई है | इस अशांति के अनेक कारण हैं | इनमें से मुख्य कारण यह भी है कि आज विश्व के अनेक सबल राष्ट्र दूसरे निर्बल और शक्तिहीन राष्ट्रों को अपने चंगुल में फँसाए रखने के लिए भारी उद्योग किया करते हैं | इसके लिए वे अपनी निजी शक्ति और आवश्यकताओं को बढ़ाते ही जा रहे हैं | इसके साथ ही अपने समर्थकों को इन शक्तिहीन और छोटे राष्ट्रों के प्रति उकसाने की कोशिश में बराबर लगे रहते हैं | इस प्रकार से आज पूरा विश्व कई भागों में बंटा हुआ परस्पर विनाश के गर्द में पहुँचाने के लिए नित्य उद्योग करते हुए दिखाई देता है | इसलिए आज विश्व की शांति की आवश्यकता बढ़ती जा रही है | विश्व शांति कैसे और किस प्रकार से हो सकती है? यह एक विचारणीय प्रश्न है | इस विषय के लिए हम कह सकते हैं कि विश्व शांति के लिए भाईचारे की भावना अधिक जरूरी है | भाईचारे, मेल-मिलाप की भावना और परस्पर हित चिंतन की भावना विश्व शांति की दिशा में महान कदम और सार्थक कार्य होगा | परस्पर सुख-दुःख की भावना और कल्याण स्थापना की भावना विश्व शांति के लिए ठोस कदम होगा | विश्व शांति के लिए अपने ही समान समझना और अपने ही समान आचरण करना, एक ठोस और प्रभावशाली विचार होगा | अगर इस तरह की सद्भावना और श्रेष्ठ विचार हर प्राणी के मन में उत्पन्न हो जाएगा तो किसी प्रकार से विश्व में अशांति और व्यवस्था की भावना नहीं हो सकती है | बढ़ी हुई दुर्भावनाएँ समाप्त हो सकती हैं | विश्व शांति और विश्व को समान दशा में लाने के लिए मानव कल्याण समारोह का आयोजन करना चाहिए | इसके द्वारा प्रत्येक जन को यह संदेश देना चाहिए कि किस प्रकार से अमानवीय और पाशविक दुर्भावनाओं से बचना चाहिए | इंसान में सज्जनता और मानवता उत्पन्न होनी चाहिए | हमें भौतिकवादी दृष्टिकोण का परित्याग करना होगा |

i. विश्व शांति के लिए किए जा रहे विचारों में असत्य है : 1

A. भाईचारे, मेल-मिलाप की भावना और परस्पर हित-चिंतन की भावना |

B. परस्पर सुख-दुःख की भावना और कल्याण स्थापना की भावना |

C. इर्ष्या, द्वेष और विश्वासघात की भावना |

D. दूसरों को समान समझना और उनसे अच्छा आचरण करना |

ii. निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद सही विकल्प का चयन कीजिए : 1

कथन : आज विश्व शांति की आवश्यकता बढ़ गई है |

कारण : निर्बल और कमज़ोर राष्ट्रों को चंगुल में फँसाना चाहिए |

A. कथन और कारण दोनों सही हैं |

B. कथन सही है और कारण उसकी गलत व्याख्या करता है |

C. कथन और कारण दोनों गलत हैं |

D. कथन गलत और कारण उसकी सही व्याख्या करता है |

iii. विश्वशांति के लिए क्या ज़रूरी है? 1

A. भाईचारे की भावना

B. प्रशासन को सख्त बनाना

C. विकास की भावना

D. चंगुल में फँसाना

iv. इंसान में सज्जनता और मानवता की भावना किस प्रकार उत्पन्न होनी चाहिए? 2

v. विश्व अशांति के लिए कौन ज़िम्मेदार हैं? 2

1.2 अपठित गद्यांश : **(7)**

सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किए गए आचरण और प्रयत्नों का नाम ही धर्म है | देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में भारी विविधता है, अतएव अपने - अपने ढंग से जीवन को पूर्णता की ओर ले जाने वाले विविध धर्मों के बीच भी विविधता दिखाई देती है | आदमी का स्वभाव है कि वह अपने ही विचारों और जीने के तौर - तरीकों को तथा अपनी भाषा और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है और चाहता है कि लोग उसी का अनुसरण और अनुकरण करे, अतएव दूसरों से अपने धर्म को श्रेष्ठतर समझते हुए वह चाहता है कि सभी उसे अपनाएँ | इसके लिए वह जोर-ज़बरदस्ती को भी बुरा नहीं मानता | धर्म के नाम पर होने वाले जातिगत झगड़े, मारकाट और हिंसा के पीछे मनुष्य की यही स्वार्थ भावना काम करती है | सोचकर देखो कि आदमी का यह दृष्टिकोण कितना सीमित, स्वार्थपूर्ण और गलत है | सभी धर्म अपनी- अपनी भौगोलोक, सांस्कृतिक और ऐतिहासिक आवश्यकताओं के आधार पर पैदा होते, पनपते और बढ़ते हैं, अतएव उनका बाह्य स्वरूप भिन्न-भिन्न होना आवश्यक और स्वाभाविक है, पर उसके भीतर मानव की कल्याण कामना है, मानव प्रेम है | यह प्रेम यदि सच्चा है, तो यह बाँधता और सिकोड़ता नहीं, बल्कि हमारे हृदय और दृष्टिकोण का विस्तार करता है, वह हमें दूसरों के साथ नहीं समस्त जीवन-जगत के साथ जोड़ता है | स्पष्ट है कि ऊपर से भिन्न दिखाई देने वाले सभी धर्म अपने मूल मानव कल्याण की एक ही मूलधारा को लेकर चले और चल रहे हैं | हम सभी इस सच्चाई को जानकार भी जब धार्मिक विद्वेष की आँधी में बहते हैं, तो कितने दुर्भाग्य की बात

है | उस समय हमें लगता है कि चिंतन और विकास के इस दौर में आ पहुँचने पर भी मनुष्य को उस जंगली-हिंसक अवस्था में लौटने में कुछ भी समय नहीं लगता, अतएव उसे निरंतर यह याद दिलाना होगा कि धर्म मानव-संबंधों को तोड़ता नहीं, जोड़ता है और इसकी सार्थकता प्रेम में ही है |

i. गद्यांश के आधार पर धर्म की क्या परिभाषा है - 1

A. सुखी, सफल और उत्तम जीवन जीने के लिए किया गया उत्तम आचरण और प्रयत्न ही धर्म है |

B. नीतियों का पालन करना ही धर्म है |

C. नियमित पूजा और अर्चना करना ही धर्म है |

D. उक्त सभी कथन सत्य हैं |

ii. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए - 1

i. देश, काल और सामाजिक मूल्यों की दृष्टि से संसार में बहुत समानता है |

ii. आदमी अपने विचारों, भाषा और खानपान को सर्वश्रेष्ठ मानता है |

iii सच्चा प्रेम बाँधता और सिकोड़ता है |

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

A. केवल i

B. केवल ii

C. i और ii

D. ii और iii

iv. निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और उसके बाद सही विकल्प चुनकर लिखिए : 1

कथन : धर्म की सार्थकता प्रेम में है |

कारण : धर्म मानव के संबंधों को जोड़ता नहीं बल्कि तोड़ता है |

A. कथन और कारण दोनों गलत हैं |

B. कथन गलत है और कारण सही है ।

C. कथन सही है और कारण गलत व्याख्या करता है |

D. कथन और कारण दोनों सही है |

v. गद्यांश के अनुसार दुर्भाग्य की बात क्या होती है? 2

vi. "प्रेम यदि सच्चा है, तो यह बाँधता और सिकोड़ता नहीं, बल्कि हमारे हृदय और दृष्टिकोण का विस्तार करता है |" आशय स्पष्ट कीजिए | 2

(खंड ख)

2 'पदबंध' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1X4=4)

i. <u>परिस्थितियों का मारा वह</u> लकड़ी की तलवार से भूमि पर रेखा खींचने लगा । (रेखांकित पदबंध के प्रकार का नाम लिखिए)

ii. निडर वज़ीर अली आजमगढ़ से आगरा की ओर जा रहा था । (क्रियाविशेषण पदबंध को छाँटकर लिखिए)

iii. कोयल मीठा गीत गाती है । (रेखांकित पदबंध के प्रकार का नाम लिखिए) |

iv. शैलेंद्र ने 'तीसरी कसम' को अपनी भावप्रवणता का सर्वश्रेष्ठ तथ्य प्रदान किया | (रेखांकित पदबंध के प्रकार का नाम लिखिए) |

v. विदेश से आए कुछ लोग हिंदी में बात कर सकते हैं । (रेखांकित पदबंध के प्रकार का नाम लिखिए और कारण भी बताइए) |

3 'रचना के आधार पर वाक्य परिवर्तन' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(1X4=4)**

i. कौन-से वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य और दूसरा आश्रित उपवाक्य होता है?

ii. वामीरो कुछ सचेत होकर घर की ओर दौड़ी । (संयुक्त वाक्य में बदलिए)

iii. तताँरा-वामीरो की त्यागमयी मृत्यु इसी सुखद परिवर्तन के लिए थी | (मिश्र वाक्य में बदलिए)

iv. मैं एक व्यक्ति से मिला पर वह बहुत बेईमान है । (रचना के आधार पर वाक्य-भेद पहचानिए)

v. संयुक्त वाक्य की परिभाषा उदाहरण सहित लिखिए |

4 'समास' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(1X4=4)**

i. 'राज-व्यवस्था' का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

ii. कौन-से समास में कोई भी पद गौण नहीं होता बल्कि दोनों पद प्रधान होते हैं?

iii. 'द्विगु समास' की पहचान किस प्रकार होती है? एक उदाहरण दीजिए |

iv. 'महादेव' - किस-किस समास का उदाहरण हो सकता है, विग्रह कर समझाइए |

v. 'बीचोंबीच' इस समस्त पद का समास विग्रह कर समास का नाम लिखिए ।

5 'मुहावरों' पर आधारित पाँच में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए : **(1X4=4)**

i. सभी अपराधी पुलिस की ---------- भाग गए । (रिक्त स्थान में उपयुक्त मुहावरा लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए)

ii. 'बड़ी सफलता हासिल करना'- इस अर्थ के लिए उपयुक्त मुहावरा लिखिए |

iii. आजकल सारी दुनिया में भारत का प्रभाव पड रहा है । (रेखांकित के लिए उचित मुहावरा लिखकर वाक्य दोबारा लिखिए) |

iv. अन्याय के विरुद्ध ---------- प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है | उचित मुहावरा लिखिए |

v. 'खुशी का ठिकाना न रहना'' - इस मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य प्रयोग कीजिए ।

(खंड ग)

6 निम्नलिखित गद्यांश पढ़कर नीचे दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए : **(1X5=5)**

युवती झुँझला उठी | वह कुछ और सोचने लगी | अंततः उसने निश्चयपूर्वक एक बार पुनः लगभग विरोध करते हुए कड़े स्वरों में कहा - "ढीठता की हद हद है | मैं जब से परिचय पूछ रही हूँ और तुम बस एक ही राग अलाप रहे हो | गीत गाओ-गीता गाओ, आखिर क्यों? क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम |" इतना बोलकर वह जाने के लिए तेज़ी से मुड़ी | तताँरा को मानों कुछ होश आया | उसे अपनी गलती का अहसास हुआ | वह उसके सामने रास्ता रोककर, मानों गिड़गिड़ाने लगा | "मुझे माफ़ कर दो | जीवन में पहली बार मैं इस तरह से विचलित हुआ हूँ | तुम्हें देखकर मेरी चेतना लुप्त हो गई थी | मैं तुम्हारा रास्ता छोड़ दूँगा | बस अपना नाम बता दो |" तताँरा ने विवशता में आग्रह किया | उसकी आँखें युवती की आँखों पर केन्द्रित थी | उसके चेहरे पर सच्ची विनय थी |

i. 'राग अलापना' से क्या तात्पर्य है? उचित विकल्प का चयन कीजिए -

A. अपनी कहते जाना
B. सबकी बोलती बंद करना
C. दूसरो की कहना-सुनना
D. अच्छे राग में गाना

ii. तताँरा को अपनी गलती का अहसास हुआ -

A. जब उसने प्रश्न पूछा |
B. जब वामीरो घर चली गई |
C. जब उसकी तंद्रा टूटी |
D. जब वामीरो तेज़ी से मुड़ी |

iii. "ढीठता की हद है | मैं जब से परिचय पूछ रही हूँ और तुम बस एक ही राग अलाप रहे हो | गीत गाओ-गीता गाओ, आखिर क्यों? क्या तुम्हें गाँव का नियम नहीं मालूम ?"
कथन के माध्यम से ज्ञात होता है कि वामीरो -

A. डरपोक, अनुशासित और शिक्षित है |
B. निर्भीक, स्पष्टवादी और परंपरावादी है |
C. संतोषी, विनयशील और क्रोधी है |
D. निडर, संकोची और अनुशासित है |

iv. निम्नलिखत कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए | उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए :
कथन - तताँरा को मानों कुछ होश आया |
कारण - वामीरो को देखकर तताँरा विचलित हो गया |

A. कथन सही है और कारण गलत व्याख्या करता है |
B. कथन और कारण दोनों सही हैं |
C. कथन और कारण दोनों गलत हैं |
D. कारण सही है और कथन गलत है |

v. गद्यांश के आधार पर तताँरा के निजी जीवन की छाप मिलती है कि -

A. बेहद शांत, गंभीर और भावुक

B. उग्र, शांत और अनुशासित

C. संवेदनशील, विनयशील और अनुशासित

D. गंभीर, झगड़ालू और सिद्धांतहीन

7 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के २५-३० शब्दों में उत्तर लिखिए : (2X3=6)

i. जापान में तनाव मुक्त होने के लिए कौन-सी परंपरा प्रचलित है? भूतकाल और भविष्य की उलझन से बाहर आने के लिए यह प्रयास कितना कारगर है? भारत में भी तनाव मुक्त होने के लिए एक पद्धति अपनाई जाती है | उसके बारे में अपने विचार लिखिए |

ii. लेफ्टिनेंट ने ऐसा क्यों कहा कि वज़ीर अली इंसान है या भूत? इसके पीछे उनका कौन-सा दर्द छिपा हुआ था? 'कारतूस' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए |

iii. परिवार के अनुभवी लोगों द्वारा दी गई सीख बच्चों के भविष्य के लिए बहुत ज़रूरी होती है | आपके 'स्पर्श' पाठ्यक्रम के कौन-से पाठ और पात्रों के माध्यम से यह कथन सिद्ध होता है?

iv. मनुष्य बहुत स्वार्थी हो गया है | अपनी स्वार्थपूर्ति के लिए पूरी धरती को हड़पना शुरू कर दिया है | मनुष्य के इस स्वार्थ का किसे और कैसे नुकसान हो रहा है? 'अब कहाँ किसी के दुःख से दुखी होने वाले' पाठ के अधर पर तर्कपूर्ण उत्तर लिखिए |

8 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए बहुविकल्पी प्रश्नों के सही विकल्प का चयन कीजिए: (1X5=5)

कर चले हम फ़िदा जानों-तन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो
साँस थमती गई, नब्ज़ जमती गई
फिर भी बढ़ते कदम को न रूकने दिया
कट गए सर तो हमारे कुछ गम नहीं
सर हिमालय का हमने न झुकने दिया
मरते-मरते रहा बाँकपन साथियो
अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो |

i. उपर्युक्त गद्यांश के सन्दर्भ में कौन-सा कथन असत्य है -

A. सैनिक मरते दम तक युद्ध भूमि में डटे रहते हैं ।

B. सीमा की रक्षा करते हुए सैनिक अपनी परवाह करते हैं |

C. सैनिक बलिदान देकर भी पर्वत के गर्व की रक्षा करते हैं |

D. मरणासन्न सैनिक देश की सुरक्षा देशवासियों के हाथ में सौंपना चाहते हैं

ii. 'अब तुम्हारे हवाले' का अभिप्राय है -

A. सीमा पर जूझते हुए सैनिक कुछ पल के मेहमान हैं |

B. सैनिक अपने स्थान पर दूसरे सैनिकों के आने की प्रतीक्षा कर रहे हैं |

C. अब देशवासियों के हाथों में देश की सुरक्षा का दायित्व है |

D. उपर्युक्त सभी |

iii. युद्ध भूमि में वे कौन-सी स्थितियाँ रहीं होंगी, जब सैनिकों के बढ़ते कदम रुक सकते थे -

A. सर्दी के कारण बर्फ जमने लगती है |

B. साँस लेने में तकलीफ होती है |

C. दुश्मनों की बंदूकें आग उगलती हैं |

D. काफी अँधेरा हो जाता है |

iv. 'हिमालय का सर झुकने न दिया' का अर्थ है -

A. भारत की प्रतिष्ठा को पैर तले रौंदने नहीं दिया |

B. जान न्यौछावर के लिए तैयार रहना |

C. भारत के मुकुट समान हिमालय के सम्मान पर कभी आँच न आने देना |

D. मानव कल्याण के लिए त्याग करना |

v. 'मरते-मरते रहा बाँकपन साथियों' में यह भाव है कि -

A. मरते दम तक देश की रक्षा का जज़्बा कम नहीं हुआ |

B. मरते दम तक मुस्कुराते रहे |

C. बाल बाँका नहीं होने दिया |

D. मरते दम तक सैनिको का जोश बना रहा |

9 निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के २५-३० शब्दों में उत्तर लिखिए : (2X3=6)

i. 'कर चले हम फ़िदा' कविता में कहाँ पर खून की रेखा बनाने की बात कही गई है? राम और लक्ष्मण किसे कहा गया है और क्यों? आज की युवा पीढ़ी के लिए क्या संदेश दिया गया है?

ii. 'मनुष्यता' और 'तोप' कविता का कौन-सा संदेश हमें एक अच्छा इंसान बनने में मदद कर सकता है? आप उस संदेश को अपने लिए कितना प्रेरणादायक मानते हैं? अपने विचार लिखिए |

iii. कौन-सी कविता में कवि विपदाओं से भागना नहीं चाहता है और भगवान से उनका सामना करने की शक्ति माँगता है? आपको वह प्रार्थना गीत किस प्रकार अलग लगा? आप प्रार्थना के अलावा किस शक्ति में विश्वास करते हैं?

iv. 'पर्वत प्रदेश में पावस' कविता में पर्वतीय क्षेत्र की अनेक विशेषताओं के बारे में बताया गया है | वहाँ के दृश्य बहुत मनोहारी होते हैं | अपने अनुभव और कविता के आधार पर पर्वत प्रदेश के मनोहारी दृश्यों का वर्णन कीजिए |

10 निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के ५०-६० शब्दों में उत्तर लिखिए : (3X2=6)

i. हरिहर काका गूँगेपन का शिकार हो गए थे और खुली आँखों से आसमान निहारते रहते थे | 'गूँगेपन का शिकार होना' का क्या अर्थ है और हरिहर काका के लिए इन शब्दों का प्रयोग क्यों किया गया है? 'हरिहर काका' पाठ के आधार पर उत्तर लिखिए |

ii. फ़ारसी की कक्षा में जब तक मास्टर नौहरिया या हेडमास्टर शर्मा जी नहीं पढ़ाने आते तब तक बच्चों की छाती धक-धक करती रहती | बच्चों की इस स्थिति के लिए कौन जिम्मेदार था और क्यों? 'सपनों के-से दिन' पाठ की इस घटना से क्या सन्देश मिलता है?

iii. पूरे घर ने टोपी को ज़ुबान की नोंक पर रख लिया था | स्कूल में मास्टर कमज़ोर बच्चों को टोपी का उदाहरण देते थे | वह कक्षा में गीली मिट्टी का लौंदा हो गया था | किन कारणों से टोपी की यह हालत हो गई थी? आप टोपी के साथ होते तो उसकी किस प्रकार मदद करते ताकि वह इन हालातों से बाहर आ पाए?

(खंड घ)

11 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर दिए गए संकेत बिंदुओ के आधार पर १२० शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : **(5X1=5)**

i. हिंदी हमारी पहचान
- अर्थ
- संपर्क भाषा
- भविष्य
- स्थिति में सुधार के सुझाव

ii. भारतीय नारी
- प्राचीन काल में नारी की स्थिति
- सरकार की योजनाएँ
- नारी की आत्मनिर्भरता
- संदेश

iii. वर्तमान जीवन-शैली और स्वास्थ्य
- दिनचर्या
- स्वास्थ्य पर प्रभाव
- सुझाव और लाभ

12 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग १०० शब्दों में पत्र लिखिए : **(5X1=5)**

i. आप दिलीप/सीमा आहुजा हैं । आपके क्षेत्र में बढ़ती आवारा पशुओं की संख्या ने विकराल रूप ले लिया है । इसके कारण लोगों को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है | इसकी शिकायत और समाधान के लिए नगर निगम के अध्यक्ष को पत्र लिखिए |

ii. आप अमन/मीना वर्मा हैं । भूमिगत वाहनों के लाभ और उसकी व्यवस्था के संबंध में कुछ सुझावों के बारे में बताते हुए हिंदुस्तान टाइम्स दिल्ली के संपादक के नाम एक पत्र लिखिए ।

13 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग ६० शब्दों में सूचना लिखिए : **(4X1=4)**

i. आप राहुल/रीमा भारती पब्लिक स्कूल के छात्राध्यक्ष हैं | भावी ५ जनवरी को आपके विद्यालय के २५ वर्ष पूरे होने वाले हैं और आप स्कूल में कुछ रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन करना चाहते हैं| अपने प्रधानाचार्य को इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना लिखिए |

ii. आप मोहन/सुहानी हैं | आप 'कला संगम' संस्था के सचिव हैं | आप गणतंत्र दिवस के अवसर पर एक कला प्रतियोगिता का आयोजन करने वाले हैं | इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना जारी कीजिए |

14 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग ४० शब्दों में विज्ञापन बनाइए : (3X1=3)

i. 'योग भगाए रोग' योग के प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

ii. 'अंतर्राष्ट्रीय पोषक अनाज वर्ष' सरकार के स्वास्थ्य की रक्षा के इस प्रयास के प्रचार-प्रसार के लिए एक विज्ञापन तैयार कीजिए |

15 आप राकेश/आकांक्षा हैं | आप ग्यारहवीं कक्षा में वाणिज्य विषय के साथ हिंदी को अतिरिक्त विषय के रूप में पढ़ना चाहते हैं | अपनी प्रधानाचार्या को अपनी इच्छा बताते हुए उनकी अनुमति के लिए ८० शब्दों में ई-मेल लिखिए । (5X1=5)

(अथवा)

'आत्मनिर्भरता' - इस विषय पर १०० शब्दों में लघुकथा लिखिए ।